उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## शुक्रवार, 19 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1939

**( दिनांक : 09 जून, 2017 )**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी ''**क**'')

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी ''**ख**'' तथा ''**ग**'')

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य विधान सभा ''जनपद टिहरी के घनसाली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत केदारनाथ धाम को जोड़ने वाला प्राचीन पैदल मार्ग भटवाड़ी-घुत्तू-पंवाली-काण्ठा-त्रियुगीनारायण मोटर मार्ग बनाये जाने के सम्बन्ध में'' श्री केदार बर्त्वाल ग्राम गंवाणा मल्ला पो0 घुत्तू भिलंग, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा ''जनपद टिहरी के घनसाली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत रा0प्रा0वि0 भटवाड़ा नैलचामी के भवन निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री कपिल देव बडोनी ग्राम-भटवाड़ा, नैलचामी टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा ''जनपद टिहरी के घनसाली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत दुर्गम क्षेत्र में स्थित इण्टरमीडिएट कालेज श्री नवजीवन आश्रम घुत्तू के 10 पदों के सृजन के सम्बन्ध में'' श्री केदार बर्त्वाल ग्राम गंवाणा मल्ला, पो0- घुत्तू भिलंग, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा ''जनपद टिहरी के घनसाली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा, घनसाली-घुत्तू मोटर मार्ग व ए0डी0बी0 के छितियारा-खवाड़ा मोटर मार्ग पर धटिया निर्माण कार्य की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री शूरवीर सिंह रावत, ग्राम-खिरखेल, पो0-कण्डारस्यूं, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा ''टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत भिलंग घाटी में अनेक पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर विकसित करने के सम्बन्ध में'' श्री केदार बर्त्वाल, ग्राम-गंवाणा मल्ला, पो0-घुत्तू भिलंग, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

11. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

14. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतीकरणः-

1. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत जनसंख्या सम्बन्धी मानकों में और अधिक शिथिलता प्रदान करते हुए, प्रदेश के प्रत्येक गांव/तोकों को सड़क मार्ग से जोड़ा जाय।"

2. श्री चन्दन राम दास, "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड राज्य शराब व व्यसन मुक्त हो तभी देव भूमि की कल्पना साकार होगी।"

3. श्री शक्ति लाल शाह "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत अवस्थित भिलंगना विकास खण्ड की विषम भौगोलिक स्थिति के दृष्टिगत विकास खण्ड का पुनर्गठन कर प्रथम से एक नया " बाल गंगा विकास खण्ड " बनाये जाने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाय।'

4. श्री भरत सिंह चौधरी, "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि लोक निर्माण विभाग के कोर नेटवर्क में राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के आलोक में केन्द्र सरकार से संशोधन का निवेदन किया जाय।

15. वित्तीय वर्ष 2017-2018 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

16. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

**देहरादून :**
**दिनांक : 08 जून, 2017**

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

### शुक्रवार, 19 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1939

### (दिनांक : 09 जून, 2017)

### नत्थी ''क''

### अल्पसूचित प्रश्न

श्री प्रीतम सिंह

27.04.2017

परिवहन

** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट का करेंगे कि दिनांक 19.04.2016 को गुम्मा हिमाचल प्रदेश में उत्तराखण्ड प्रदेश की बस दुर्घटना ग्रस्त हुई थी? यदि हां तो क्या दुर्घटना ग्रस्त बस के पास हिमाचल प्रदेश का बस परमिट था? यदि नही ंतो क्या सरकार प्रदेश में प्राईवेट बसों के स्थान पर उत्तराखण्ड राज्य परिवहन निगम की बसों को संचालित करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नही तो क्यों? क्या बस दुर्घटना में मृतक परिवारों को सरकार 5–5 लाख रूपये मुआवजा देगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

# नत्थी ''ख''

**<u>उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत द्वितीय सत्र 2017 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न</u>**

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br><br>24.03.2017 | 1. * क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में गम्भीर पेजयल समस्या से ग्रसित क्षेत्र अथवा गावों में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लिफ्ट पम्पिंग पेयजल योजनाओं के निर्माण के लिए कोई ठोस कार्य योजना बनाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |

# नत्थी ''ग''
# तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>26.04.2017 | *1. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान समय तक चीनी मिलों पर मिलवार गन्ना किसानों का कितना धन बकाया है? क्या सरकार बकाया धन का भुगतान गन्ना आपूर्ति के पन्द्रह दिनों के अन्दर करवाना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना |
| श्री प्रीतम सिंह<br>27.04.2017 | **तृतीय सोमवार के तारांकित 18 में स्थानान्तरित**<br>*2. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में हुई ओलावृष्टि से प्रदेश में आम, लीची व सेब की फसलों को क्षति हुई है? यदि हॉ तो क्या सरकार काश्तकारों को उचित मुआवजे का भुगतान करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री प्रीतम सिंह<br>27.04.2017 | *3. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार गठन के पश्चात प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना किसानों का भुगतान किया गया है? यदि हॉ, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>30.04.2017 | *4. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की निजी चीनी मिलें गत वर्ष के गन्ना मूल्य का भुगतान कर चुकी है अथवा नहीं? क्या गन्ना मंत्री यह भी बतायेंगे कि इस वर्ष गन्ना मूल्य के भुगतान के सम्बन्ध में क्या कोई दिशा–निर्देश सरकार की ओर से जारी किये गये है? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.05.2017 | *5. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कृषि को उद्योग का दर्जा दिये जाने के लिए सरकार कोई ठोस नीति बनायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.05.2017 | *6. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में पेयजल स्वच्छता प्रकोष्ठ गठन किये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हॉ तो पेयजल स्वच्छता प्रकोष्ठ का गठन कब तक कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>11.05.2017 | *7. क्या गन्ना मंत्री अवगत है कि प्रदेश के गन्ना किसानों की पेराई सत्र 2016–17 की करोड़ों की रकम का भुगतान इकबालपुर व लिब्बरहेड़ी चीनी मिलों द्वारा नहीं किया गया है जिस कारण किसानों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां तो गन्ना मूल्य भुगतान के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे है? | गन्ना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार | **द्वितीय बुधवार के तारांकित 03 में स्थानान्तरित** | | |
| 12.05.2017 | *8. | क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्र में फसलों को जंगली जानवरों के द्वारा भारी क्षति पहुॅचायी जा रही है? यदि हॉ तो क्या सरकार काश्तकारों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा किए जाने वाले नुकसान को रोकने के लिए सरकार द्वारा कोई ठोस कार्य योजना का निर्माण किया जा रहा है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>15.05.2017 | *9. | क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जड़ी बूटी शोध संस्थान मण्डल गोपेश्वर के स्थापना का मूल उद्देश्य क्या था? क्या शोध संस्थान अपने मूल स्वरूप में स्थापित हो गया है? संस्थान के स्थापना के समय इसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार सारी फैक्ट्रियों ने काम करना प्रारम्भ कर दिया है? यदि नहीं तो इसके क्या कारण है? क्या सरकार इसके स्वरूप एवं उद्देश्यपूर्ति के लिए कोई कार्य कर रही है? यदि नहीं तो क्यों? | **उद्यान** |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेश राठौर<br>29.04.2017 | 1. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार आगामी जुलाई 2017 से प्रस्तावित जी0एस0टी0 बिल में मनोरंजनकर विभाग एवं वाणिज्यकर विभाग उत्तराखण्ड में कार्यरत उपनल के माध्यम से तैनात कर्मचारियों का भी यथोचित समायोजन करने के संबंध में विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **वित्त** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03.05.2017 | 2. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जड़ी–बूटी के संरक्षण, सम्वर्द्धन व वैज्ञानिक रूप से दोहन अथवा आर्थिकी के अवसर जुटाने के लिए सरकार कोई प्रभावी व ठोस योजना/नीति बनायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उद्यान** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.05.2017 | 3. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभिन्न चीनी मिलों तथा उनसे जुड़ी हुई गन्ना समिति से जुड़े मजदूर जो गन्ने की कटाई एवं हलाई करते है, अलग–अलग चीनी मिलों/गन्ना समितियों में कितने है, और उनमें से अनु0 जाति एवं जनजाति के मजदूर जनपद देहरादून हरिद्वार, उधमसिंहनगर तथा नैनीताल में कितने है? उनकी न्यूनतम मजदूरी तथा उनके जीवन बीमा से संबंधित क्या नीति अपनाई गई है? | **गन्ना** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.05.2017 | 4. क्या मनोरंजन कर मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों में कितने लाइसेंस प्राप्त सिनेमाघर चल रहे है, और उसमें अनु0 जाति के कितने स्वामी है? क्या सरकार वांछित विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **मनोरंजनकर** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>15.05.2017 | 5. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड दशोली की ग्राम पंचायत देवलधार के लिए पेयजल व्यवस्था ठीक करने के लिए विभाग के पास कोई योजना प्रस्तावित है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अमृत गंगा गोपेश्वर योजना से इस गॉव को पानी उपलब्ध कराने पर विभाग विचार करेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>15.05.2017 | 6. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के दशोली विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम सभा देवर–खड़ोरा में वर्तमान में पेयजल आपूर्ति सही नहीं हो पा रही है? क्या सरकार यहा की जनसंख्या को देखते हुए कोई नई पेयजल योजना बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>15.05.2017 | 7. क्या उद्यान मंत्री अवगत है कि जड़ी बूटी शोध स्थान मण्डल चमोली में स्थायी निदेशक एवं उसके मूल स्वरूप एवं फैकल्टियों के लिए बार–बार जनप्रतिनिधियों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है? यदि हॉ तो सरकार इसके विस्तार की कोई योजना बना रही है, और उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं तो क्यों? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.05.2017 | 8. क्या आबकारी मंत्री अवगत है कि झबरेड़ा क्षेत्र जिला हरिद्वार बेहद गरीब क्षेत्र है और यहां शराब के ठेकों पर बिक रही शराब पीकर स्थानीय लोग अपने घर में लड़ाई–झगड़े करते है? क्या यह सत्य है कि जनता द्वारा मांग की जा रही है कि क्षेत्र के सभी शराब ठेकों को बंद कर दिया जाए? यदि हां तो, अभी तक इस दिशा में क्या कार्य किया गया? यदि नहीं तो क्यों? इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.05.2017 | 9. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर के घण्डियाला गॉव में ग्रीष्मकाल में पेयजल की भारी कमी के चलते ग्रामीणों को काफी दूर से पानी लाना पडता है? क्या यह सत्य है कि ग्राम घण्डियाला के चुड़खेत नामे तोक से नवीन पेयजल योजना निर्माण कराये जाने की ग्रामीणों के द्वारा लम्बे समय से मॉग की जा रही है? यदि हॉ तो नई योजना का निर्माण कब तक करवा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>16.05.2017 | 10 क्या उद्यान मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के विकासखण्ड़ जोशीमठ के मेरग गांव के ऊपर आलू फार्म कोठी वर्तमान में बन्द पड़ी है ? यदि हां तो क्या सरकार काश्तकारों की मांग पर इसे पुनर्जीवित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां तो कब तक? यदि नही तो क्यों? | उद्यान |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>16.05.2017 | 11. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि काशीपुर शुगर मील के गन्ना किसानों की देय गन्ना मूल्य एंव मील कर्मचारियों कि देय वेतन आदि की कितनी राशि देय है ? क्या सरकार इस बात से अवगत है कि काशीपुर के गन्ना किसान एंव मील बन्द होने से बेरोजगार हो चुके कर्मचारी भुखमरी के कगार पर है ? यदि हां तो सरकार उक्त देयकों का भुगतान पीड़ित किसानों एंव कर्मचारियों को करने जा रही है? यदि हां तो कब तक? यदि नही तो क्यों? | गन्ना |